भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1474 का उत्तर

सोलापुर से नई दिल्ली के बीच सीधी रेल सेवा

1474. सुश्री प्रणिती सुशील कुमार शिंदे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सोलापुर से नई दिल्ली के बीच सीधी रेल सेवा आरंभ करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सोलापुर और नई दिल्ली के बीच संपर्क में सुधार के लिए किन्हीं अंतरिम उपायों, जैसे कि मौजूदा मार्गों पर आवृत्ति में वृद्धि अथवा अतिरिक्त ठहराव पर विचार किया जा रहा है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में, सोलापुर 12627/12628 नई दिल्ली-बेंगलुरू कर्नाटक एक्सप्रेस की दैनिक सेवा सहित 2 जोड़ी गाडियों द्वारा दिल्ली से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, रेल संपर्कता में सुधार, नई गाड़ी सेवाओं की शुरूआत, सेवाओं का विस्तार और ठहराव का प्रावधान भारतीय रेल की सतत् प्रक्रियाएं हैं, जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधन की उपलब्धता आदि के अध्यधीन हैं।

*****

S.K